आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08 सितम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश के सभी जिलों में दिखा इस वर्ष का आखिरी पूर्ण चंद्रग्रहण। श्रद्धालुओं के लिए बंद रहे कई प्रमुख मंदिरों के कपाट।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक हजार पांच सौ दस अनुदेशकों को बांटा नियुक्ति पत्र। कहा–प्रदेश में पिछले आठ वर्षों के दौरान साढ़े आठ लाख नौजवानों को दी गई सरकारी नौकरी।
- पितृपक्ष मेला दो हजार पचीस के लिए दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल ने की हैं व्यापक तैयारियां। एक दर्जन स्पेशल रेल गाड़ियों का होगा संचालन।
- प्रदेश में बारिश तथा बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियां उफान पर। इकतालीस हजार हेक्टेयर से अधिक की जमीन जलमग्न।

**********

कल रात इस वर्ष का आखिरी पूर्ण चंद्रग्रहण लगा। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला में चंद्रग्रहण की पूरी गतिविधि को वैज्ञानिक प्रयोग और शोध के लिए रिकॉर्ड किया गया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***प्रदेश के लगभग सभी जिलों में चंद्रग्रहण का प्रभाव दिखाई दिया। यह रात में आठ बज कर अट्ठावन मिनट पर शुरू हुआ और मध्य रात्रि तक जारी रहा। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला के वैज्ञानिक अधिकारी सुमित कुमार श्रीवास्तव ने आकाशवाणी को बताया कि चंद्रग्रहण बयासी मिनट तक चली एक खगोलीय घटना है। लोगों ने टेलीस्कोप के सहारे इस खगोलीय घटना को देखा। चंद्रग्रहण ज्योतिष के दृष्टि से भी खास रहा। इसके चलते अयोध्या में प्रभु श्रीराम जन्मभूमि मंदिर और हनुमानगढ़ी सहित प्रदेश भर के मंदिरों के कपाट बंद रहे। वाराणसी के दशाश्वमेध घाट की मां गंगा की आरती भी विशेष रूप से दोपहर में सम्पन्न कराई गई। वहीं मथुरा के बांके बिहारी मंदिर में दर्शन का समय परिवर्तित कर दिया गया। समाचार कक्ष से अरूण।***

चन्द्रग्रहण के बाद आज सुबह श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में स्नान किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के चयनित विभिन्न व्यवसायों के एक हजार पांच सौ दस अनुदेशकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने यूपी में पिछले आठ वर्ष के दौरान साढ़े आठ लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने में सफलता प्राप्त की है।

***पिछले आठ वर्ष के अन्दर हम लोगों ने सातवीं–आठवीं अर्थव्यवस्था से उत्तर प्रदेश की इस यात्रा को शानदार तरीके से आगे बढ़ाते हुए देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था बनने में सफलता प्राप्त की है बीमारू राज्य के लेवल को उखाड़ फेंक करके भारत के विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में उत्तर प्रदेश को स्थापित करने में सफलता प्राप्त की है।***

कल प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रमों के आयोजन कर सांसद एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया।

**********

वस्तु तथा सेवा कर–जीएसटी में सुधार इस महीने की बाईस तारीख से लागू होंगे। इससे ई–कॉमर्स क्षेत्र और आसान बनने की राह पर है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***इस क्षेत्र में उपयोग होने वाली पैकेजिंग सामग्री की लागत में भी कमी आने से और जीएसटी दर घटकर केवल पांच प्रतिशत रह जाने से छोटे और बड़े दोनों व्यापारियों को अब प्रत्येक शिपमेंट पर कम खर्च आएगा। देश में आपूर्ति श्रृंखला की रीढ कहे जाने वाले माल ढुलाई वाहनों की खरीद पर भी जीएसटी की दर 28: से घटकर 18: हो जाने से उपभोक्ताओं को सीधा फायदा होगा। देश में लगभग 70: सामान इन्हीं माल वाहनों से ढुलाई होता है। यह सभी सुधार मिलकर भारत की ई–कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स पारिस्थितिकी तंत्र को नया आकर दे रहे हैं। विलायत इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के उपाध्यक्ष हरीश जोशी ने नए जीएसटी ढांचे को लघु कुटीर उद्योग की दृष्टिकोण से एक प्रमुख सुधार पहल बताया। एमएसएमई क्षेत्र ने जीएसटी को नई दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए जीएसटी परिषद के निर्णय का स्वागत किया है और इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। रहीसुद्दीन रेहान की रिपोर्ट के साथ, आदर्श आकाशवाणी समाचार दिल्ली ।***

**********

केंद्र सरकार में कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री–स्वतंत्र प्रभार तथा राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने सरकार के जीएसटी सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि इस कदम से सभी नागरिकों को लाभ होगा। कल शाम शामली के कनियान गांव में कबड्डी खेल मैदान में टीन शेड निर्माण के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि जीएसटी सरलीकरण से किसानों को भी बड़ी राहत मिलेगी। जो ट्रैक्टर और कृषि यंत्र पहले महंगे दामों पर मिलते थे, अब वे कम दरों पर उपलब्ध होंगे।

***मुझे इस बात की भी खुशी है कि अभी सरकार ने बड़ा रिकॉर्ड किया जीएसटी जैसा इनडायरेक्ट टैक्स सबको भरना पड़ता था चाहे वो मध्यम वर्ग का हो, चाहे गरीब हो, चाहे अमीर हो और सबको बराबर लगता था। सरकार ने उसपे बहुत बड़ी राहत और दी है***

***सभी नागरिकों को फायदा मिलेगा किसानों को बहुत बड़ी राहत है, जो लगभग 75 हार्सपावर का ट्रैक्टर अगर दस लाख रूपये का आता था अब आपको चूंकि जीएसटी की छूट मिल गयी 63 हजार की सीधा छूट किसानों को दी गयी।***

**********

चंदौली स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल की तरफ से बिहार के गया जिले में कल से शुरू हुए पितृपक्ष मेला–दो हजार पचीस को देखते हुए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इक्कीस सितंबर तक चलने वाले इस मेले के दौरान स्टेशन परिसर में यात्री ठहराव का विस्तार, अतिरिक्त टिकट काउंटर और स्पेशल रेल गाड़ियों के संचालन के साथ ही सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त हैं। डीडीयू मंडल के डीआरएम उदय सिंह मीणा ने बताया कि इस दौरान रेलवे द्वारा नियमित गाड़ियों के अलावा बारह स्पेशल ट्रेनों का भी संचालन किया जायेगा।

***पितृपक्ष मेला में भी हम 60 जोड़ी नियमित मेले एक्सप्रेस ट्रेन उपलब्ध होने के साथ–साथ हम दर्जन भर स्पेशल ट्रेने पहले से चला रहे हैं उसके अलावा भी हम लोग चलाएंगे, पितृपक्ष मेले को अटेंड करने के लिए जो पिलिग्रम आएंगे उनके लिए अतिरिक्त होलडिंग एरिया तैयार किया गया है। यात्रियों की सुख–सुविधा के अनुसार और टिकट काउंटरों की भी हमने व्यवस्था बढ़ाई है।***

**********

प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियां उफान पर हैं। गंगा, यमुना, शारदा, और घाघरा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ के चलते आगरा, मथुरा, अलीगढ़, शाहजहांपुर, पीलीभीत, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, फर्रूखाबाद और कन्नौज सहित कई जिलों के सैकड़ो गांव पानी से घिरे हुए हैं। कानपुर और आसपास के जिलों में गंगा, रामगंगा, यमुना और चम्बल नदियों का जलस्तर तीसरी बार खतरे के निशान के पार हो गया है। कन्नौज में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से पचास सेंटीमीटर ऊपर चला गया है, जिससे पचास से अधिक गांव पानी से घिर गए है। बाढ़ को लेकर शासन–प्रशासन अलर्ट है। बचाव कार्य जारी है। प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के साथ ही सभी को राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

***प्रदेश में गंगा, यमुना, शारदा, रामगंगा जैसी प्रमुख नदियाँ उफान पर हैं और 41 हजार हेक्टेयर से ज्यादा जमीन जलमग्न हो गई है। आगरा, मथुरा, अलीगढ़, फर्रुखाबाद, शाहजहाँपुर और प्रयागराज जिले बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। राज्य भर में प्रशासन द्वारा स्थापित राहत और बचाव शिविरों में 11 हजार से ज्यादा लोगों ने शरण ली है।***

***उफनती यमुना के कारण मथुरा के पुराने शहर के कई इलाकों में पानी भर गया है। वृंदावन के कुछ मंदिर बाढ़ के कारण बंद कर दिए गए हैं। परिक्रमा मार्ग भी पानी में डूबा हुआ है और श्रद्धालुओं के उस इलाके में जाने पर रोक लगा दी गई है। सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

**********

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल और प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने कल रात लखनऊ में पेशेवर गोल्फ खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इन खिलाड़ियों ने लखनऊ गोल्फ क्लब द्वारा आयोजित पीजीटीआई नेक्स्टजेन लखनऊ दो हजार पचीस के प्रो–एम इवेंट में भाग लिया। लखनऊ में आयोजित प्रो–एम, कल से शुरू होने वाले मुख्य कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास है, जो 11 सितम्बर तक चलेगा।

**********

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर फेरबदल करके प्रसारित किये जा रहे एक वीडियो को खारिज कर दिया है। इसमें सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के बयानों को गलत तरीके से पेश किया गया है।

**********